दिन– बुधवार दिनांक– 24 / 06 / 2026

प्रसार भारत
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। संपादक– निधि श्री
अवधिः– 15 मिनट टंकक– प्रह्लाद कुमार

---

01. राज्य में पांच नये निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना की जायेगी। मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को मिली स्वीकृति।

02 प्रदेश के सभी पंचायतों में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मनाया जायेगा पंचायत विकास दिवस। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अट्ठाईस जून को करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ।

03. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्यभर में केंद्रीय चयन पर्षद की सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न।

04. और, मौसम विभाग ने पटना, भभुआ, रोहतास, समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों के कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए पांच जिलों में पांच नये निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना एवं संचालन को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय का प्रस्ताव पारित किया गया। मधुबनी में शांजा विश्वविद्यालय, नवादा में एसए विश्वविद्यालय, पटना में हिमालय विश्वविद्यालय, औरंगाबाद में सीत योग विश्वविद्यालय और सीवान में एक विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी दी गयी है। राज्य मंत्रिमंडल ने एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलोटी गांव में हुई कथित पुलिस मुठभेड़ मामले की न्यायिक जांच के लिए पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोग के गठन को भी स्वीकृति दी है। कैबिनेट में राज्य में विकसित भारत जी राज जी योजना की निगरानी के लिए बिहार राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के गठन और गन्ना उद्योग निवेश प्रोत्साहन नीति दो हजार छब्बीस को भी मंजूरी दी है। कैबिनेट बैठक में कुल पैंतालीस प्रस्तावों को स्वीकृति दी गयी है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने हर महीने के अंतिम रविवार को पंचायत विकास दिवस मनाने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मुंगेर जिले की एक चयनित पंचायत से अट्ठाईस जून को इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा और जन भागीदारी के माध्यम से पंचायतों के सतत और समग्र

विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं।

———————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य में भू–सुधार कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि को हर हाल में अतिक्रमणमुक्त कराया जायेगा। श्री जायसवाल ने आज पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये बताया कि पीरपैंती पावर प्लांट, सीएनएलयू निफ्ट और सुपौल व्यवहार न्यायालय समेत विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य के लिए जमीन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि भूमि प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी बनाते हुये इसका लाभ जन–जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि राज्य में कानून का शासन है। श्री तिवारी ने कहा कि भोजपुर मुठभेड़ मामले में न्यायिक जांच के आदेश दे दिये गये हैं और प्रारंभिक जांच में लापरवाही सामने आने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गयी है। श्री तिवारी ने कहा कि विपक्ष को इस मुद्‌दे पर राजनीति छोड़कर जांच रिपोट का इंतजार करना चाहिए।

———साउंड बाईट———

इधर, विकासशिल इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा है कि हाल में हुये मुठभेड़ के सभी मामलों की जांच होनी चाहिए।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सदा ने कहा है कि राज्य सरकार बाढ़ और सूखाड़ की सम्भावित स्थिति को लेकर सतर्क है। पटना स्थित जदयू कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री सदा ने कहा कि विभागीय अधिकारी पूरी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है।

———————————————————————————

श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने कहा है कि अगले तीन महीने में राज्य के प्रत्येक प्रखंड में तीन पंचायतों को बाल श्रम मुक्त बनाया जायेगा। श्री प्रसाद आज पटना स्थित नियोजन भवन में बिहार राज्य बाल

श्रमिक आयोग के नये कार्यलय का उद्‌घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाल श्रमिकों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————————

केंद्रीय चयन पर्षद की बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा आज प्रदेशभर में विभिन्न केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गयी। परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया। इसे लेकर सुरक्षा के व्यापाक प्रबंध किये गये। इधर, रेलवे अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज भी कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि आज अठारह परीक्षा विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा। ये ट्रेन बख्तियारपुर, राजगीर, नवादा, मुजफ्फरपुर, कटिहार, सुपौल, बेतिया और मधुबनी समेत विभिन्न स्टेशनों के बीच चलायी जायेंगी। रेलवे ने अभ्यर्थियों से इन ट्रेनों की परिचालन समय की जानकारी लेकर इस सुविधा का उपयोग करने की अपील की है।

———————————————————————————————

अररिया जिले के सभी सोलह परीक्षा केन्द्रों पर सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न हो गयी। जिलाधिकारी निनोद दूहन ने दोनों पालियों के दौरान विभिन्न केन्द्रों का निरीक्षण किया।

———————————————————————————————

मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, बेगूसराय, खगड़िया समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की सम्भावना है। इधर, राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि बक्सर, भोजपुर, पटना और नालंदा समेत राज्य के दक्षिणी भागों में अनेक स्थानों पर लू की स्थिति बनी रहेगी।

———साउंड बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। मुहर्रम की दसवीं तारीख छब्बीस जून को योमे–ए–आशुरा मनाया जायेगा। इस अवसर पर निकलने वाले अलम और ताजिया जुलूस के दौरान शांति और कानून

व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये गये हैं। विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया। पटना के फुलवारीशरीफ, पत्थर की मस्जिद समेत विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। साथ ही जुलूस मार्ग और पहलाम स्थल के आस–पास अस्थायी पुलिस चौकी बनायी जा रही है। हमारे रोहतास संवाददाता ने बताया कि जिला मुख्यालय सासाराम में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इधर, शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद और पुलिस अधीक्षक हिमांशु ने आज मुहर्रम के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियो के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

कटिहार जिले के कोलासी ओपी थाना क्षेत्र के मधुरा गांव में एक दुकान के सामने कोल्ड ड्रिंक के एक कैरेट से पांच सुतली बम बरामद किये गये हैं। बल मिलने की सूचना के बाद इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत श्यामपुर बकचपरा गंगा घाट पर गंगा नदी में स्नान के दौरान पांच युवतियां डूब गयीं। इनमें से तीन युवतियों का शव बरामद कर लिया गया है। वहीं, अन्य दो की तालाश की जा रही है। इधर, मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत टीकारामपुर गंगा घाट पर डूबने से एक युवक की मौत हो गयी।

———————————————————————

विशेष निगरानी इकाई ने चर्चित टेंडर घोटाला मामले में मास्टमाइंट रिशु श्री समेत सात आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। एडीजी निगरानी पंकज दराद ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये बताया कि निगरानी इकाई के पास इन सभी के खिलाफ ठोस और वैज्ञानिक साक्ष्य मौजूद हैं।

———————————————————————

कटिहार के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने आजमनगर अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सुनील कुमार ठाकुर को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया है। आरोपी का रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————

कॉमनवेल्थ पैरा गेम्स दो हजार छब्बीस के लिए बिहार के दो पैरा एथलिटों का भारतीय टीम में चयन हुआ है। नालंदा के झंडू कुमार और गया के सोमन राणा तेईस

जुलाई से तीन अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित हो रहे कामनवेल्थ पैरा गेम्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ियों के चयन से राज्य में खुशी और गर्व का माहौल है।

—————————————————————————

राज्य में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए इस वर्ष दो अक्टूबर से दिसम्बर तक राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। पटना में खेल विभाग के निदेशक आरीफ अहसन ने जिला खेल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी।

—————————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस–बी सैप परिसर में आज एक हजार तीन सौ पचपन महिला सिपाहियों ने पासिंग आउट परेड में भाग लिया और नये जिम्मेदारी की शपथ ली। बी–सैप टू की समादेष्टा और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी लीपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। नालंदा, पटना और गोपालगंज जिला बल से सम्बद्ध इन महिला सिपाहियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर जिम्मेदारी संभाल ली है।

—————————————————————————

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम स्थित समाहरणालय में उद्योग वार्ता का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने उद्यमियों और स्टार्टअप से जुड़े युवाओं की समस्याओं, रोजगार सृजन और उद्योग स्थापना को लेकर चर्चा की।

—————————————————————————

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने आज निर्मली अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजस्व और लोकहित से जुड़े लम्बित मामलों के जल्द निपटारे के निर्देश दिये।

—————————————————————————

किशनगंज जिले के टेढ़ागाछ स्थित बालिका विद्यालय में बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

—————————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दुहन की अध्यक्षता में आज नार्को कोऑर्डिनेशन सेन्टर, एन कॉर्ड की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी और इसके अवैध कारोबार पर नियंत्रण के साथ ही नशे के विरूद्ध जागरूकता को लेकर चर्चा की गयी।

—————————————————————————

सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सहरसा–सुपौल मुख्य मार्ग पर पुलिस लाईन के पास मोटरसाईकिल की टक्कर से एक किसान गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

———————————————————————

अरवल की जिलाधिकारी अमृषा बैंस ने खनन विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक में जिले में चल रही खनन गतिविधियों, बालू घाटों की स्थिति और खनिज परिवहन पर की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सत्त निगरानी और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राज्य में पांच नये निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना की जायेगी। मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को मिली स्वीकृति।

02 प्रदेश के सभी पंचायतों में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मनाया जायेगा पंचायत विकास दिवस। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अट्ठाईस जून को करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ।

03. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्यभर में केंद्रीय चयन पर्षद की सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न।

04. और, मौसम विभाग ने पटना, भभुआ, रोहतास, समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों के कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।